Tc.No. : GUJHIN00722

पेज: 4, मुल्य 1 रु.

# क्रांति समय

संस्थापक / संपादक : सुरेश मौर्या

E-mail: krantisamay@gmail.com, www.krantisamay.com

वर्ष: 1 अंक: 30 , 20 अक्टुबर, शुक्रवार 2017, सूरत, हिन्दी दैनिक मो. 9879141480

4 ओ ब्लॉक आगम नवकार कॉम्पलेक्ष, सचीन रेल्वे स्टेशन के पास, सूरत-गुजरात

क्रांति समय परिवार की तरफ से प्रकाश उत्सव व नूतन वर्ष की सभी पाठकों, विज्ञापन दाताओं, शुभचिंतकों, सहयोगी सदस्यों, प्रवासी हिन्दी भाषियों, शहर के सभी नागरिकों तथा देश वासियों को बहुत बहुत बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएँ। दिपावली व नूतन वर्ष अवकाश के कारण क्रांति समय का अगला अंक कार्तिक शुक्ल पाचम के दिन 25 अक्टूबर 2017 को प्रकाशित होगा।

## गुरेज सेक्टर में जवानों के साथ दिवाली मनाने पहुंचे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर में अग्रिम चौकियों पर जवानों के साथ दिवाली मनाने के लिए गुरेज सेक्टर पहुंचे। गुरेज सेक्टर प्रदेश में नियंत्रण रेखा के समीप स्थित है। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत, उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल देवराज अनबू और चिनार कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जे एस संधु भी प्रधानमंत्री के साथ गुरेज सेक्टर पहुंचे। आपको बता दें कि साल 2014 में आई भीषण बाढ़ के बाद भी उन्होंने घाटी के लोगों के साथ ही दिवाली मनाई थी।

**पीएम, राष्ट्रपति सहित कई बड़ी नेताओं ने दी बधाई**

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी समृद्धि की कामना की। राष्ट्रपति के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पोस्ट किया गया है, जिसमें सभी देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दी गई हैं। ट्वीट में कोविंद ने लिखा है कि जैसे हम इस उत्सव को अपने परिवार के साथ मनाते हैं हमें दूसरों के प्रति संवेदना और पयार्वरण के प्रति सजगता को भी बढ़ावा देना चाहिए ।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा है कि दीपावली के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने ट्वीट किया है ''प्रकाश और खुशियों के महापर्व दीपावली में आपके जीवन में सुख ,शांति एवं समद्धि आये। दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं''। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी सभी को प्रकाशपर्व दीपावली की शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की कि यह पवित्र त्योहार समाज में प्रेम, भाईचारा तथा सौहार्द एवं अपार ख़ुशियों का संचार करे।



## दिवाली के अवसर पर सभी जायज लंबित मामलों में मेडिकल वीजा देगा भारत : सुषमा स्वराज

नई दिल्ली : विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने गुरुवार को कहा कि दिवाली के शुभ अवसर पर भारत सभी ऐसे लंबित मामलों में मेडिकल वीजा देगा, जिनमें वीजा देना जायज है. उन्होंने पाकिस्तानी नागरिकों की ओर से किए गए ऐसे अनुरोधों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए यह टिप्पणी की.

आमना शमीन नाम की एक पाकिस्तानी महिला की ओर से वीजा के लिए किए गए अनुरोध पर सुषमा ने कहा, 'कृपया पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग से संपर्क करें. हम इसकी अनुमति देंगे'. शमीन के पिता इलाज के लिए पहले से दिल्ली में हैं और वह उनसे मिलना चाहती हैं. सुषमा ने ट्वीट किया, 'दीपावली के शुभ अवसर पर भारत आज ऐसे सभी लंबित मामलों में मेडिकल वीजा देगा, जिनमें वीजा देना जायज है'.

कल सुषमा ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग को निर्देश दिया था कि वह भारत में इलाज के लिए एक पाकिस्तानी बच्चे को वीजा जारी करे. बच्चे के पिता काशिफ ने ट्विटर पर सुषमा से अनुरोध किया था कि अब्दुल्ला के इलाज के लिए मेडिकल वीजा दिया जाए. काशिफ ने उनसे कहा कि अब्दुल्ला को भारत में लीवर प्रतिरोपण के बाद की जांच करानी है. सुषमा ने कल काशिफ को जवाब देते हुए ट्वीट किया था, 'दवा के अभाव में आपके बच्चे के इलाज पर असर नहीं पड़ना चाहिए. मैंने भारतीय उच्चायोग से कहा है कि वह मेडिकल वीजा जारी करें'. काशिफ ने बताया था कि बच्चे की दवाएं खत्म होने वाली हैं और उन्हें भारत में तुरंत मेडिकल सलाह की जरूरत है.

## कैंसिल टिकट से भारतीय रेलवे ने की 73 करोड़ रुपये की कमाई

नई दिल्ली: भारतीय रेल आम आदमी की सवारी है, लेकिन उसी आम आदमी से वेटिंग टिकट के जरिये भी कमाई करने में वह पीछे नहीं है. वेटिंग टिकट को कैंसिल करने पर कटने वाले चार्जेस से भारतीय रेलवे के खाते में बीते साल लगभग 73 करोड़ रुपये कमाए हैं. यह जानकारी सूचना के अधिकार के तहत सामने आई है. मध्यप्रदेश के नीमच जिले के सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने रेलवे से जानना चाहा था कि आखिर ऐसे कितने यात्री हैं।

## जवानों को दिवाली गिफ्ट: अब 5 रुपये की जगह कर सकेंगे 1 रुपये में कॉल

नई दिल्ली। सैनिकों-अद्धसैनिक बलों को दूरसंचार विभाग ने दिवाली का तोहफा दिया है। दूरसंचार मंत्री मनोज सिन्हा ने बुधवार को बीएसएनएल द्वारा संचालित डिजिटल सैटेलाइट फोन का मासिक शुल्क खत्म करने का ऐलान किया। केंद्रीय मंत्री सिन्हा ने कहा कि जवानों के लिए कॉल दर पांच रुपये से घटाकर एक रुपये की गई है। सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, बीआरओ और आईटीबीपी के जवान दुर्गम इलाकों में रहते हैं। जहां से वह डीएसपीटी सेवा के जरिए ही घर या मुख्यालय बातचीत कर पाते हैं।

केंद्रीय मंत्री सिन्हा ने सैटेलाइट फोन पर लिए जाने वाले किराए को भी आज से खत्म करने की घोषणा की। उन्होंने कहा, अभी सुरक्षा बलों को सैटेलाइट फोन कनेक्शन के लिए प्रति माह 500 रुपये किराया देना होता है।



आज से उन्हें कोई किराया देने की जरूरत नहीं है। सैटेलाइट फोन सेवा पहले टाटा कम्यूनिकेशंस दिया करती थी। अब यह सेवा सार्वजनिक कंपनी बीएसएनएल दे रही है। शुरुआत में 2009-10 में इसकी कॉल दरें एक रुपये प्रति मिनट थीं जिसे हर पांच साल में संशोधित किया जाना था। उन्होंने कहा, हमने तय किया है कि दरें एक रुपये प्रति मिनट ही रहेंगी न कि बढ़ी हुई पांच रुपये प्रति मिनट की दर। दूरसंचार सचिव अरणा सुंदरराजन ने कहा कि इससे प्रति वर्ष तीन-चार करोड़ रुपये का नुकसान होगा जिसका वहन सरकार करेगी। अभी देश में 2500 सैटेलाइट फोन कनेक्शन परिचालन में हैं। सिन्हा ने कहा, हमारे पास पांच हजार सैटेलाइट फोन की क्षमता है। हम रक्षा तथा गृह मंत्रालय को सूचित कर रहे हैं ।

## बकाए बिल के कारण नहीं मिली ऑक्सीजन, मरीज की मौत

अमृतसर: अमृतसर के एक सरकारी अस्पताल में एक मरीज की ऑक्सीजन सिलेंडर की कमी की वजह से मौत हो गई. उसे आहार नली में गंभीर संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था. एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित मंगल सिंह को सांस लेने में दिक्कत होने पर सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इसके बाद तत्काल उसका ऑपरेशन हुआ था. मंगल सिंह के परिवारवालों ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन के बाद से वह बेचैन महसूस कर रहा था. तब डॉक्टरों ने उन्हें बताया था कि मरीज को ऑक्सीजन की जरूरत है. परिवारवालों ने बताया कि जब तक ऑक्सीजन सिलिंडर आया तब तक सिंह की मौत हो चुकी थी.

## डीआरएम को मिला रिटायर रेल स्टाफ को नौकरी देने का अधिकार

नई दिल्ली, प्रेट्र। रेलवे बोर्ड ने मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) को उपयुक्त पदों के लिए सेवानिवृत्त रेल कर्मियों को फिर नियुक्त करने के अधिकार दिए हैं। गत 16 अक्टूबर को लिखे पत्र में, बोर्ड ने डीआरएम को अपने विवेक पर पेंशनरों को रोजगार देने का अधिकार प्रदान किया है। रेल विभाग लंबे समय से कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। संभवत: इसी कमी को पूरा करने के लिए डीआरएम को ये अधिकार दिए गए हैं।

पत्र में कहा गया है, 'मंडलीय रेल प्रबंधकों को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने का अधिकार है। इस तरह की पुनर्नियुक्ति के लिए रेलवे को अपनी वेबसाइट्स पर प्रचार करना चाहिए। जिनकी पुनर्नियुक्ति होगी वे सिर्फ 62 साल की उम्र तक सेवा दे सकेंगे। रेलवे में कर्मचारियों की सेवानिवृत्त आयु 60 साल है।' पत्र के अनुसार, 'ऐसे कर्मचारियों के लिए निश्चित मासिक पारिश्रमिक निर्धारित किया जाएगा। यह उनके अंतिम वेतन में पेंशन को घटाने के बाद आई राशि के बराबर होगा।' पुनर्नियुक्ति के लिए रेल बोर्ड ने कुछ शर्ते भी निर्धारित की हैं।

पत्र में कहा गया है कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के तहत सेवामुक्त होने वाले कर्मचारी इसके पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा सुरक्षा संबंधी सेवानिवृत्ति योजना या लिबरलाइज्ड एक्टिव रिटायरमेंट स्कीम फॉर गारंटीड एम्प्लायमेंट फॉर सेफ्टी स्टॉफ के तहत सेवामुक्त होने वाले व्यक्ति भी पुनर्नियुक्ति योजना के पात्र नहीं होंगे। बोर्ड ने यह भी कहा है कि पुनर्नियुक्ति से पहले सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी की योग्यता और क्षमता पर भी निर्णय लेना चाहिए। उनके सुरक्षा रिकॉर्ड के साथ अन्य परिचालन आवश्यकताओं को भी पर्याप्त रूप से जांचने की बात कही गई है।

## चोटी कटने पर बवाल, चार जवानों को भीड़ ने पीटा

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के उड़ी में बुधवार को हिंसक भीड़ ने टेरीटोरियल आर्मी के तीन जवानों को चोटी काटने वाले गिरोह का सदस्य समझ कर बस से उतार बुरी तरह से पीट दिया। दक्षणि कश्मीर के वुल्लरहामा पहलगाम में भी ऐसी ही एक घटना में हिंसक भीड़ ने एक सैन्य कर्मी से मारपीट की। उसे बचाने के लिए सुरक्षाबलों को लाठियों के साथ आत्मरक्षा के लिए फायरिंग करनी पड़ी जिसमें सात लोग जख्मी हो गए। घटनाओं के विरोध में श्रीनगर के मैसूमा व साथ सटे इलाके बंद रहे। महजूर नगर और बटमालू में चोटी कटने की दो घटनाएं होने पर प्रदर्शन करते हुए ।

## डोकलाम पर राहुल ने संसदीय समिति में पूछे सर्वाधिक सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने डोकलाम में हाल की चीनी सैनिकों की गतिविधियों की मीडिया रिपोर्ट पर विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में ढेरों सवाल पूछे। डोकलाम के हालात में भारत और चीन संबंधों के विषय में ब्योरा विदेश सचिव एस. जयशंकर ने दिया।



विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बैठक में सम्मिलित लोगों को इसकी जानकारी दी। राहुल गांधी भी इस समिति के सदस्य हैं। समिति की इस बैठक में राहुल गांधी ने सर्वाधिक सवाल पूछे। साथ ही उन्होने उन मीडिया रिपोटी के संबंध में भी सवाल उठाया जिसमें दावा किया गया था कि चीन ने फिर से डोकलाम क्षेत्र में निर्माण कार्य फिर शुरू कर दिया गया है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि सरकार के पास चीन के अपने क्षेत्र से बाहर सड़क बनवाने की कोई जानकारी नहीं है।

## हिमाचल चुनाव: कांग्रेस ने किया उम्मीदवारों का ऐलान; वीरभद्र लड़ेंगे अरकी से, सुक्खू को मिली ये सीट

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश का चुनावी बिगुल बजने के साथ ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बीजेपी द्वारा पार्टी उम्मीदवारों का ऐलान करने के बाद अब कांग्रेस ने भी अपने कैंडिटेड्स की घोषणा कर दी है।

हिमाचल प्रदेश चुनाव के लिए कांग्रेस ने 59 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह अरकी विधानसभा सीट से और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख सुखविंदर सिंह सुक्खू नादौन सीट से चुनाव लड़ेंगे।

कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष आस्कर फर्नाडिज ने आज यह सूची जारी की। इसके तहत वीरभद्र सिंह को राज्य में सोलन जिले की अरकी सीट



से टिकट दिया गया है। वर्तमान में वह शिमला ग्रामीण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2017: की लिस्ट जारी, प्रेम कुमार धूमल सुजानपुर से और अनिल शर्मा मंडी से लड़ेंगे चुनाव

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू को नादौन से टिकट दिया गया है। प्रदेश की एक अन्य प्रमुख नेता आशा कुमारी को डलहौजी से उतारा गया है। पार्टी ने विप्लव ठाकुर को देहरा से टिकट दिया है।

बता दें कि निवर्तमान मुख्यमंत्री सिंह और पीसीसी प्रमुख सुक्खू के बीच काफी समय से मतभेद चल रहे थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची तैयार करने में विलंब का एक कारण यह भी था। पहले सुक्खू को पार्टी की राज्य प्रचार समिति का प्रमुख बनाया गया था। लेकिन बाद में सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

बता दें कि राज्य विधानसभा की 68 सीटों के लिए नौ नवंबर को चुनाव होने हैं।

## प्रधानमंत्री आवास में आग लगाने की धमकी

नई दिल्ली, जागरण संवादादाता। सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में मंगलवार तड़के आग लगाने की धमकी की कॉल ने दिल्ली पुलिस समेत एसपीजी व सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी। सूचना मिलते ही सभी एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंच गई। आनन-फानन में कॉलर के कॉल को ट्रेस करने की प्रक्रिया शुरू की गई। जांच से पता चला कि एक टैक्सी चालक ने नशे में ऐसी हरकत की है। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।पुलिस अधिकारी के मुताबिक कॉलर की पहचान नोएडा सेक्टर-44 निवासी इंद्रमणि तिवारी (46) के रूप में हुई है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। कुछ समय पहले उसका फोन चोरी हो गया था। इससे वह काफी परेशान हो गया था। मंगलवार सुबह वह द्वारका इलाके में था। वहीं से तड़के 4.15 बजे उसने दिल्ली पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर धमकी दी कि वह प्रधानमंत्री आवास में आग लगा देगा। पुलिस का कहना है कि इंद्रमणि का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। पुलिस ने जब उससे फोन पर बात की तो पता चला कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।उसने पुलिस को बताया कि वह खुद को प्रधानमंत्री आवास के बाहर आग लगाने की बात बोलना चाह रहा था, लेकिन गलती से उसके मुंह से प्रधानमंत्री आवास में आग लगाने की बात निकल गई। इस तरह की बात बताने पर पुलिस ने उसकी कई घंटे तक काउंसलिंग की।

## दिवाली पर मुलायम का कुनबा हुआ एक

### साथ होकर भी साथ नहीं दिखे मुलायम, शिवपाल और अखिलेश

नई दिल्ली : तमाम अलगावों के बीच मुलायम सिंह यादव का परिवार गुरुवार को दिवाली का त्यौहार मनाने के लिए एक साथ दिखा. इस अवसर पर इटावा में सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव और उनके पुत्र एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ चाचा शिवपाल यादव भी एक साथ दिखाई दिए. इस मौके पर सपा के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे.



उल्लेखनीय है कि हाल ही में समाजवादी पार्टी (सपा) की ओर से जारी की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की टीम में मुलायम सिंह यादव और शिवपाल सिंह यादव को हटा दिया गया. इसके अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी से शिवपाल यादव के समर्थकों को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. वहीं, रामगोपाल यादव का पार्टी में रुतबा बढ़ाया गया. उन्हें पार्टी में प्रमुख महासचिव का पद दिया गया.

इस सूची में एक और नाम चौंकाने वाला रहा, जोकि हाल ही में बीएसपी छोड़कर सपा में आए इंद्रजीत सरोज का था. उन्हें पार्टी में महासचिव का पद दिया गया. इसके अलावा आजम खान और नरेश अग्रवाल को भी महासचिव बनाया गया. गौर करने वाली बात यह रही कि पिछले महीने ही को दोबारा से सपा का अध्यक्ष चुना गया था. उल्लेखनीय है कि हाल ही में समाजवादी पार्टी (सपा) की ओर से जारी की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की टीम में मुलायम सिंह यादव और शिवपाल सिंह यादव को हटा दिया गया। इसके कुछ दिन बाद ही पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने प्रेस कांफ्रेंस कर कह दिया था कि उनका आशीर्वाद बेटे अखिलेश के साथ है.वहीं, रामगोपाल यादव का पार्टी में रुतबा बढ़ाया गया. उन्हें पार्टी में प्रमुख महासचिव का पद दिया गया. वे कोई नई राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे. इसके बाद राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में अखिलेश यादव और मुलायम सिंह यादव एक साथ दिखे थे. मुलायम ने अखिलेश के साथ खड़े होकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया था.

संपादकीय

## अंधेरे से जीतने की प्रेरणा का उत्सव

एक शांत निर्मल वातावरण में दीपावली ऐसे आती है जैसे हमारे भीतर बैठे राम अयोध्या में माता कौशल्या की गोद में उतर रहे हों। उसी करुणामय भाव और निर्मलता में सारी सृष्टि तुलसी वन-सी महक उठती है। यही अमरता है दीपावली की, जो हर साल इसकी रोशनी को बढ़ा रही है। रोशनी शब्द का मूल संस्कृत के 'रोचना' शब्द में है जो ईरान में जाकर 'रोशनी' में बदल गया। माता लक्ष्मी का एक नाम 'रोचनावती' है। आज जो दीये हमारे घर-आंगन में जलने हैं उनकी उम्र कोई आज-कल की नहीं, कई युगों की है। यह भले किंवदंती हो कि दीपावली की रात माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के साथ श्रीराम के अयोध्या लौटने पर मनाई गई थी, पर यह जनश्रुति हमारी अंतश्चेतना में इतना समा गई है कि दीपावली हमारे लिए राम के पुनः अयोध्या लौट आने का महापर्व है। यही दीवाली तब अयोध्या में 'पादुका-प्रशासन' से मुक्ति का पर्व बनी थी। सर्वश्रेष्ठ राज्य की स्थापना की रोशनी फैलाने के लिए असंख्य दीये एक साथ जगमगाए थे, जहां राजा नहीं प्रजा प्रमुख थी। जनता उत्साहित और उल्लासित थी कि 'पादुका-पूजन' के दिन अब लद गए। असली महाराजा राम और महारानी सीता अयोध्या में पधार चुके हैं। इसीलिए अब 14 साल से पसरे अंधेरे को हटाकर अमावसी रात को पूर्णिमा में बदलना है। तभी से आज तक दीपावली पादुका-प्रशासन की समाप्ति का पर्व बनकर जगमगा रही है। यह सतत संदेश दे रही है कि मानव मात्र को निरंतर प्रकाश की ओर बढ़ना है और हर कहीं हर किसी को अंतस के आनंद से प्रकाशित करना है। श्रीराम की अयोध्या वापसी पर जो दीपमालाएं अयोध्या में जगमगाईं होंगी, उनकी किरणों हमारे घर में उजास फैला रहे दीपों में मंडरा रही हैं। निश्चित ही इन दीपों ने सहस्रों साल पहले के त्रेतायुग में अयोध्या वालों के उल्लास को देखा था। सरयू की बहती जलधारा में अपने प्रतिबिंब निहारे थे। राम और भरत के भातृभाव के बेजोड़ दृश्य को देखा था। साथ ही देखा था माता कैकेयी के मन में मिटते अंधेरे को और मंथरा की दम तोड़ती जालसाजी को। राम आए तो सबसे पहले माता कैकेयी से भेंट हुई और सारा अंधेरा मिटता रहा। अयोध्या की उस रात्रि में जले दीयों के प्रकाश की किरणों प्रत्येक वर्ष हमें चेताने आती हैं कि मन में रावण की लंका को मारकर वहां राम की अयोध्या बनाओ। हमें हर क्षण चेतना होगा और अंधेरे को दूर करने के लिए नित नए प्रयत्न करने होंगे। जब तक कहीं भी असत्य, अन्याय या असमानता रूपी अंधेरा है तब तक प्रकाश के सहारे हमें आगे बढ़ना होगा। एक ऐसा समाज रचना ही दीपावली का संदेश है जिसमें दुख और अभाव के लिए कोई स्थान न हो। इसके लिए हमें बाहर के अंधेरे के साथ ही अंतस के अंधेरे से भी लड़ना होगा। यह एक निरतंर प्रक्रिया है। दीपावली यह स्मरण कराती है कि इस प्रक्रिया को बल देते रहना है। राम के समय यदि लंका में विलास और मादकता का राज था तो अयोध्या में सिर्फ धर्म और सदाचरण था। एक मान्यता है कि जहां बहुत धन-धान्य होता है वहां धर्म का गला घुटने लगता है। इस स्थिति से बचना होगा। धन-धान्य के साथ सबके लिए सुखमय जीवन हमारा अभीष्ट होना चाहिए और उसकी प्राप्ति हम सबका साझा लक्ष्य होना चाहिए। हमें आगे बढ़ना है, लेकिन यह देखते हुए कि इस क्रम में सुख-समृद्धि के प्रसार में असंतुलन न रहे। आज जरा देखें अपने महानगरों की हालत। उनकी हालत इसीलिए बिगड़ी, क्योंकि हम दीपोत्सव का मर्म सही तरह नहीं समझ सके। निःसंदेह दीपावली पर ये सारे शहर खूब चमकेंगे, पर क्या उनकी चमकती किरणों कमजोर-बीमार और किसान-गांव को आलोकित कर सकेंगी? अच्छा हुआ कि राम की अयोध्या 14 साल में नहीं बदली थी वरना उसे देखकर राम की आंखें नम हो जातीं।

# प्रकृति के रूप में महालक्ष्मी

समुद्र-मंथन के दौरान जिस स्थल से कल्पवृक्ष और अप्सराएं मिलीं, उसी के निकट से महालक्ष्मी मिलीं। ये लक्ष्मी अनुपम सुंदरी थीं, इसलिए इन्हें भगवती लक्ष्मी कहा गया है। श्रीमद् भागवत में लिखा है कि 'अनिंद्य सुंदरी लक्ष्मी ने अपने सौंदर्य, औदार्य, यौवन, रंग, रूप और महिमा से सबका चित्त अपनी ओर खींच लिया।' देव-असुर सभी ने गुहार लगाई कि लक्ष्मी हमें मिलें। स्वयं इंद्र अपने हाथों पर उठाकर एक अद्भुत व अनूठा आसन लक्ष्मी को बैठने के लिए ले आए। उनकी कटि बहुत पतली थी। वक्ष स्थल परस्पर सटे व उभरे हुए थे। उन पर चंदन और केसर का लेप लगा था। जब वे चलती थीं, तो उनकी पायजेब से मधुर ध्वनि प्रस्फुटित होती थी। ऐसे में ऐसा लगता था, मानो कोई सोने की लता इधर-उधर घूम रही है। इस लक्ष्मी को विष्णु ने अपने पास रख लिया।' समुद्र-मंथन में लक्ष्मी मिलीं, इसे हम यूं भी ले सकते हैं कि लक्ष्मी के मायने धन-संपदा या सोने-चांदी की विपुलता से भी होता है। समुद्र-मंथन के क्रम में जब देव-दानव समुद्र पार कर गए तो सबसे पहले हिरण्यकशिपु दैत्य को सोने की खदान मिली थी। इसे हिरकेनिया स्वर्ण-खान आज भी कहा जाता है। इस खदान पर वर्चस्व के लिए भी देव और असुरों में विवाद व संग्राम छिड़ा था। अंततः हिरण्यकशिपु का इस पर अधिकार माना गया, क्योंकि इसे ही यह खान दिखाई दी थी। इसे यूं भी कह सकते हैं, कि इस सोने की खान को खोजने में हिरणयकशिपु की ही प्रमुख भूमिका रही थी। दरअसल लक्ष्मी के विलक्षण रूप का वर्णन प्रकृति के रहस्यों से भी जुड़े हैं। वैसे तो देवी लक्ष्मी के अनेक रूप हैं, परंतु उनका सर्वाधिक प्रचलित रूप वह है, जिसमें देवी पूर्ण रूप से खिले हुए पद्म-प्रसून पर अविचल मुद्रा में बैठी हुई हैं। उनके दोनों हाथों में नालयुक्त कमल हैं। साथ ही उनके दोनों तरफ कमल-पुष्प पर ही दो हाथी अपनी ऊपर उठाई सूंडों में घड़े लिए हुए लक्ष्मी का जल से अभिषेक कर रहे हैं। लक्ष्मी के इस रूप और इससे भिन्न रूपों का कौतुक-वृत्तांत रामायण से लेकर अधिकांश पुराणों में अंकित है। इन लक्ष्मी का जलाभिषेक करते गजों से घनिष्ट संबंध है। जब देवों ने असुरों के साथ मिलकर सागर-मंथन किया तो उसमें से चौदह प्रकार के रत्नों की प्राप्ती हुई। इन्हीं रत्नों में ऐरावत नाम का हाथी और लक्ष्मी भी थीं। समुद्र-मंथन से उत्पन्न होने के कारण लक्ष्मी और गज का जन्मजात संबंध स्वाभाविक है। लक्ष्मी को पृथ्वी के प्रतीक के रूप में भी माना गया है। इस नाते उन्हें भूदेवी भी कहा जाता है। वैसे भी विष्णु की दो पत्नियां थीं। एक लक्ष्मी और दूसरी पत्नी श्रीदेवी हैं। यजुर्वेद में कहा भी गया है,

'श्रीश्च ने लक्ष्मी श्रीश्च पतन्यो।'



भूदेवी होने के कारण लक्ष्मी पृथ्वी की प्रतीक हैं। इस नाते गज जलद अर्थात मेघों के प्रतीक हैं। इसीलिए वर्षा पूर्व बादलों के गरजने की क्रिया को मेघ-गर्जना कहा जाता है। जब तक धरती पर बादल बरसते नहीं हैं, तब तक फसलों के रूप में अन्न-धान्य पैदा नहीं होते हैं। लक्ष्मी का जल से अभिषेक करते गजों का प्रतीक भी यही है कि गज बरसकर पृथ्वी को अभिसिंचित कर रहे हैं, जिससे पृथ्वी से सृजन संभव हो सके। इस कारण लक्ष्मी को सृजन की देवी भी कहा जाता है।

सौभाग्य लक्ष्मी को उपनिषद् में 'सकल भुवन माता' कहा गया है। सृजन अर्थात सृष्टि माता-पिता दोनों के संसर्ग से संभव है। अस्तु लक्ष्मी मातृशक्ति की और गज पितृशक्ति के प्रतीक हैं। गज को पुरूषार्थ का प्रतीक भी माना गया है। गोया, लक्ष्मी और गगन के समतुल्य गज संसार के माता-पिता माने जा सकते हैं। गज दिशाओं के प्रतीक भी हैं, इसलिए इन्हें दिग्गज भी कहा जाता है। इस कारण वे राज्य की चतुर्दिक सीमाओं के भी प्रतीक हैं। वैसे भी पुरातन काल में जो चतुरंगी सेनाएं हुआ करती थीं, उनमें गज-सेना भी होती थी, जो सीमांत प्रांतरों में चारों दिशाओं में तैनात रहती थी। कमल पर आरूढ़ लक्ष्मी से कमल का गहरा व आत्मीय रिश्ता है। सृष्टि के कर्ता ब्रह्मा स्वयं कमलभव हैं, जो भगवान विष्णु की नाभि से प्रस्फुटित कमल पर ही विराजमान हैं। इसी कारण विष्णु को 'पद्मनाभ' और 'पद्माक्षी' कहा गया है। कमल पर बैठी होने के कारण लक्ष्मी को 'कमला' भी कहा जाता है। कमल की यह विशेषता है कि वह कीचड़ में पैदा होने के पश्चात भी स्वच्छ है, स्वछंद है एवं निर्मल है। जल में जीवन-यापन करते हुए भी वह निर्लिप्त है। अनेक पांखुरियों से युक्त व खिला होते हुए भी वह एकात्मता का द्योतक है। कमल की जड़, नाल, पंखुड़ियां व बीज सब मानव उपयोगी हैं, इसलिए कमल को समष्टिगत गुणों वाले पुष्पों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। व्यष्टि में समष्टि का समन्वयात्मक संदेश देता हुआ कमल लोकमंगल का आवाहन कराता है, इसलिए ऋषि-मुनियों ने कमल को सांस्कृतिक प्रधानता व सर्वोच्चता की पहचान से निरुपित किया है। लक्ष्मी का जल से अभिषेक करते हुए कलश, पूर्ण-कलश अर्थात लोक मंगलकारी कलशों के प्रतीक हैं। जल जीवन का आरंभिक उद्गम स्थल होने के साथ, जीवन का प्रमुख आधार भी है। जल से ही पद्म उत्पन्न हुआ है और पद्म से ब्रह्मा और ब्रह्मा से संपूर्ण सृष्टि। इसी कारण कलश को हिरण्यगर्भ की संज्ञा से विभूषित किया गया है। कलश के संदर्भ में सांस्कृतिक मान्यता है कि इसमें त्रिदेव अर्थात ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास है। कलश के मुख पर ब्रह्मा, ग्रीवा में शिव और मूल में विष्णु तथा मध्य में मातृगणों का निवास होता है। अर्थात ये सभी देव-गण कलश में प्रतिष्ठित होकर किसी मांगलिक कार्य को सकारात्मक गति देने का काम करते हैं। इस कारण कलश भी लक्ष्मी के समान ही सृष्टि और मातृशक्ति का प्रतीक माना गया है। मूर्ख और अशुभ का प्रतीक माने जाने के बावजूद उल्लू धन की देवी भगवती का वाहन है। हालांकि ऋग्वेद के श्री-सूक्त में वैभव की देवी लक्ष्मी की विस्तार से चर्चा है, लेकिन इस वृत्तांत में उल्लू को लक्ष्मी के वाहन के रूप में कहीं नहीं दर्शाया गया है। समुद्र-मंथन से लक्ष्मी तो प्रकट हुईं, लेकिन उल्लू के प्रकट होने का विवरण नहीं है। कहते हैं कि जब लक्ष्मी को धन की देवी के रूप में प्रतिष्ठा मिल गई, तो उनकी स्थान-स्थान पर पूजा होने लग गई। इस कारण उन्हें अलग वाहन की आवश्यकता अनुभव होने लगी। उन्हें भगवान विष्णु के व्यस्त रहने के कारण भी अपने उपासकों के पास जाने में विलंब होने लगा। ऐसे में लक्ष्मी के लिए ऐसे वाहन की खोज शुरू हुई, जो विष्णु के वाहन गरुड़ की तुलना में उड़ान भरने में दक्ष तो हो ही, रात में भी उड़ान भरने में समर्थ हो।

चिंतन मनन

## सजग रह मनाएं खुशियां

सजग रह मनाएं खुशियांप्रकाश पर्व पर खुशियों के सवेरा की ओर प्रस्थान करें। राष्ट्र निर्माण में भूमिका रेखांकित करें। दीपावली राष्ट्र जागरण का एक ऐसा पर्व है जो हमें उल्लास के साथ लक्ष्य हासिल करने का संकल्प देता है। ज्ञान व प्रकाश का यह पर्व हमें संदेश देता है कि मजबूत इरादे से कोई नेक काम करने को ठान लिया जाए तो तमाम रुकावटों के बावजूद मंजिल अवश्य मिलती है। साधनहीनता इस मार्ग में कोई अवरोध नहीं बनती। इसकी प्रेरणा हमें भगवान श्रीराम की कहानी से भी मिलती है कि कैसे उन्होंने महाबली रावण को एक सामान्य व संसाधनहीन वनवासी के रूप में अपनी वानरी सेना से परास्त कर दिया था। दीपावली का जुड़ाव तो भगवान श्रीराम से भी है। यह पर्व हमें अवसर दे रहा है कि समाज हित में कुछ सकारात्मक रूप से करने का संकल्प लें। अपने घर में दीया जलाने के साथ-साथ पड़ोस में रहनेवाले किसी कमजोर के मकान में भी उजियारा लाने का प्रयास करें। अधर्म एवं कुसंस्कारों के खात्मे को सार्थक प्रयास करें। प्रकाश पर्व पर खुशियों के सवेरा की ओर प्रस्थान करें। राष्ट्र निर्माण में भूमिका रेखांकित करें। समाज सेवा में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने को बढ़ें। गरीबी, कुपोषण, अशिक्षा, अंधविश्वास व भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों के वातावरण में इनके साथ आपसी भाईचारे के समक्ष आ रहीं चुनौतियों को जड़ से खत्म करने का प्रयास करें। यह पर्व स्वच्छता का भी प्रतीक है। इस नाते हमें संकल्प लेने का अवसर दे रहा कि अपने अंदर से लेकर बाहर तक की गंदगी को दूर करने के लिए ठोस पहल करें। हर स्तर पर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का काम करें। हमें कुछ और बातों पर भी ध्यान रखना होगा। उत्सवी माहौल में जमशेदपुर समेत राज्य के कई इलाकों में उपद्रव कराने की साजिश रचनेवाले भी सक्रिय हो जाते हैं। खुफिया रिपोर्ट ने भी इसकी तस्दीक कर दी है। इस स्थिति में राज्य के अमनपसंद लोगों को अपने उल्लास व उत्साह को बनाए रखने के लिए सजग रहने की आवश्यकता है। पुलिस प्रशासन के लिए भी खास तौर से अलर्ट रहने का समय है।

## राशि भविष्य फल

**मेष - अधिक चिंताए विवादास्पद स्थितियां सामने आयेगी, धैर्य से काम करेंगे ध्यान रखे।**

**वृष - धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, समय की अनुकूलता से लाभांवित होगे।**

**मिथुन - अधिक खिन्नता ग्रस्त न हों, अधिकारियों से तनाव क्लेश तथा मन भ्रम होवेगा।**

**कर्क - प्रयत्न सफलता न हो भाग्य का सितारा प्रबल होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे समय का लाभ लेंवे।**

**सिंह - अशान्ति उपद्रव धन का व्यय अस्थिरता का वातावरण रहेगा, कष्ट प्रद होगा।**

**कन्या - सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि और दृढ़ता से कार्य अवश्य निपटा लेवें।**

**तुला - आपको गुप्त चिन्ताए कष्ट अवश्य पहुँचायेगी, सर्तकता पूर्वक कार्यों को निपटा लेंवे।**

**वृश्चिक - आशानुकूल सफलता से हर्ष, कार्य वृत्ति में सुधार, चिन्ता निवृत्ति अवश्य ही होवेगी।**

**धनु - इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे, अधिकारियों से अशान्ति तनाव बनेगा भ्रमित न होंवे।**

**मकर - उदासीनता, मानसिक बेचैनी, कार्य व्यापार में उदविघ्नता से कार्य अवरोध होंवेगा।**

**कुंभ - कुटुम्ब की समस्या बनी ही रहेगी, प्रयत्न शीलता विफल अवश्य होवेगी।**

**मीन - प्रबलता प्रभुत्व वृद्धि दैनिक समृद्धि के कार्य व साधन जुटाये, कार्य योजना अवश्य बनेगी।**

# ईन्टरनेशनल

अजब-गजब

## यहां कैशलेस होता है भगवान से लेनदेन



मंदिर में भगवान के दर्शन करने वाले वहां रखी दानपेटी में कुछ रुपये डालते हैं, जिसे आमतौर पर भगवान के लिए चढ़ावा कहा जाता है। बड़े-बुजुर्गों के मुताबिक, मंदिर में पैसे दान करने से पुण्य मिलता है। गुजरात के भरूच शहर में एक अनोखा मंदिर है, जहां भगवान को चढ़ावे में पैसे नहीं चढ़ाए जाते। आधुनिक युग में ये मंदिर पूरी तरह से कैशलेस हो गया है। इस मंदिर में भक्तों के द्वारा कोई नकदी नहीं चढ़ाई जाती। यानी देश भले ही सालों गुजरने के बाद पूरी तरह से कैशलेस नहीं हो पाया, लेकिन इस मंदिर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को सच कर दिखाया है। इस मंदिर का नाम जन विकास मंदिर है और इसका प्रबंधन कम्युनिटी डेवलपमेंट चैरिटी टस्ट करता है। यह मंदिर भरूच शहर स्थित गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेट की टाउनशिप में स्थित है। इस मामले में जीएनएफसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले यह मंदिर कैशलेस हो गया था। उन्होंने बताया कि यहां आने वाले श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी यदि भेंट चढ़ाना चाहते हैं तो वे पुजारी के पास मौजूद पीएसओ मशीन की मदद से क्रेडिट या डेबिट कार्ड के जरिये भेंट की राशि को मंदिर के बैंक खातें में डलवा देते हैं। मंदिर के पुजारी महेशभाई जोशी ने बताया कि मंदिर में पेटीएम, भीम ऐप के जरिए भी भेंट चढ़ाई जाती है। इस मंदिर प्रांगढ़ में शिवजी, राधाकृष्ण, दुर्गा माता और रामजानकी दरबार के चार अलग-अलग मंदिर हैं। चारों मंदिरों के लिए अलग-अलग पेटीएम नंबर हैं। इनमें भक्त अपने भगवान को भेंट चढ़ा सकता है। छोटे शहरों और गांवो के लोग भले ही अभी तक डिजिटल और कैशलेस के फंडे को न समझ पाए हों, मगर भगवान उनसे ज़्यादा हाइटेक निकले और अभी से ही कैशलेस हो गए हैं।

**मंदिर के पुजारी महेशभाई जोशी ने बताया कि मंदिर में पेटीएम, भीम ऐप के जरिए भी भेंट चढ़ाई जाती है। इस मंदिर प्रांगढ़ में शिवजी, राधाकृष्ण, दुर्गा माता और रामजानकी दरबार के चार अलग-अलग मंदिर हैं। चारों मंदिरों के लिए अलग-अलग पेटीएम नंबर हैं।**

# नहीं झुकता पाक, तो लादेन पार्ट-2 की तैयारी में था अमेरिका

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** ओसाम बिन लादेन के पाक में मार जाने के बाद से पाकिस्तान के ऊपर लगा आंतकियों को पनाह देने का आरोप एक बार फिर साबित हो जाता।यदि पाक अमेरिकी अधिकारी के सामने घुटने नहीं टेकता तो। हुआ यूं कि हाल ही में पाकिस्तान की मदद से हक्कानी नेटवर्क के चंगुल से रिहा हुए यूएस-कनाडाई दंपती को लेकर अब एक नया खुलासा हुआ है। अभी तक इस मामले में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर यूएस उसकी पीठ थपथपा रहा था लेकिन सच्चाई कुछ और है। अमेरिकी अखबार में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक इससे कुछ दिन पहले ही नेवी सील की 6 सदस्यीय टीम इस दंपती को आतंकवादी ओसामा बिन लादेन के खात्मे वाले अंदाज में रिहा करवाने की तैयारी में थी लेकिन आखिरी समय में प्लान बदल लिया गया।रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तानी अधिकारियों को अमेरिका के दबाव की वजह से इस दंपती को रिहा करवाने को मजबूर होना पड़ा था। नहीं तो अमेरिका लादेन पार्ट-2 की पूरी तैयारी कर चुका था।

खबर के मुताबिक सीआईए के ड्रोन से बीते महीने एक महिला और उसके 3 बच्चों के आतंकी कैंप में दिखने का खुलासा हुआ था। यूएस ऑफिशल्स के मुताबिक अमेरिकी ऐनालिस्ट्स ने इस महिला को 5 साल पहले अफगानिस्तान में अगवा हुई अमेरिकी महिला बताया। कुछ धुंधली तस्वीरें बड़ा सुराग बनीं और सेना ने उन्हें बचाने के लिए नेवी सील के 6 कमांडोज की टीम तैयार की। लेकिन यह ऑपरेशन तमाम चिंताओं के मद्देनजर रोक दिया गया। कुछ दिन बाद ही सीआईए ने पाया कि आतंकियों ने परिवार को कैंप से बाहर निकाला है और पाकिस्तान के आदिवासी इलाकों में ले गए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान में अमेरिकी उच्चायुक्त डेविड हेल ने इस मुद्दे पर इस्लामाबाद सरकार को तुरंत संदेश भेजा और कहा कि इस मसले को सुलझाए या फिर यूएस सुलझा लेगा। उच्चायुक्त के संदेश से यह साफ था कि अगर पाकिस्तानियों ने इस मसले पर अपनी सक्रिय भूमिका नहीं निभाई तो अमेरिका अपने नागरिक और उसके कनाडाई पति को आजाद कराने के लिए ठीक उसी तरह छापा मारेगा जैसा उसने अल-कायदा चीफ ओसामा बिन लादेन को मारने के लिए मारा था। साल 2011 में बिना पाकिस्तानी सरकार को जानकारी दिए अमेरिका के नेवी सील कमांडोज ने ओसामा बिन लादेन को मौत के घाट उतार दिया था।

## 15 राष्ट्र यूएनएचआरसी के लिए चुने गए

**संयुक्त राष्ट्र (ईएमएस)।** पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नेपाल 12 अन्य देशों के साथ ही संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के लिए निर्वाचित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस मानवाधिकार शाखा के लिए चुने गये अन्य देश अंगोला, आस्ट्रेलिया, चिली, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मेक्सिको, नाईजीरिया, पेरु, कतर, सेनेगल, स्लोवाकिया, स्पेन और यूक्रेन हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा यह मानवाधिकार परिषद का चुनाव पहला ऐसा चुनाव है जो नये मतपत्र के मार्फत हुआ। अतीत में मतपत्र पूरी तरह खाली होता था। संयुक्त राष्ट्र महासथा के अध्यक्ष मिरोस्लॉव लाजक के प्रवक्ता ब्रेंदन वर्मा ने कहा अब उनमें सदस्य देशों के नाम होते हैं और उसके साथ अन्य नाम लिखने के लिए खाली जगह होती है। दरअसल इस प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए ऐसा किया गया।



बीजिंग में एक समारोह में चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग और पूर्व राष्ट्रपति हू जिनताओं के अलावा कई अन्य प्रमुख नेता पार्टी के एक समारोह में भाग लेते हुए।

## पाक पर नजर रखने में भारत बन सकता है महत्वपूर्ण सहयोगी : हेली

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत निक्की हेली ने कहा राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को समर्थन दिए जाने पर कड़ा रुख अपनाया है। अमेरिका का मानना है कि पाकिस्तान पर नजर रखने में भारत उनकी मदद कर सकता है। अफगानिस्तान और दक्षिण एशिया में आतंकवाद से लड़ने के लिए ट्रंप की हाल ही में घोषित नई रणनीति का जिक्र करते हुए हेली ने कहा इस रणनीति की अहम बातों में से एक भारत के साथ अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी विकसित करना भी है। अमेरिका का यह बयान पाकिस्तान को नागवार लग सकता है। वह अफगानिस्तान में भारत की भूमिका का पहले से ही विरोध कर रहा है। निकी ने कहा अफगानिस्तान और दक्षिण एशिया में अमेरिका के हित आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाहों को खत्म करने में हैं। हमारा ध्यान इस बात पर भी है कि परमाणु हथियार आतंकवादियों की पहुंच से दूर ही रहने चाहिए। उन्होंने कहा इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कूटनीतिक और सेना जैसे सभी संभावित विकल्पों का इस्तेमाल किया जाएगा।

## रोहिंग्याओं का बांग्लादेश आने का सिलसिला जारी

**कॉक्स बाजार (ईएमएस)।** म्यामांर में बड़े पैमाने पर हिंसा के बाद हजारों रोहिंग्या मुसलमानों का वहां से भाग कर बंग्लादेश आने का सिलसिला अब भी जारी है। बांग्लादेश में पांच लाख से अधिक लोग पहले से ही विभिन्न शिविरों में रह रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और संयुक्त राष्ट्र कार्यालय द्वारा ली गई ड्रोन फुटेज से यह जानकारी सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) द्वारा सोमवार को लिए गए वीडियो फुटेज में दिखाया गया है कि दक्षिण बांग्लादेश में पालोंग खली क्षेत्र में जमीन की एक संकरी पट्टी पर हजारों रोहिंग्या मुस्लिम पैदल चल रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया सप्ताह के अंत में सीमा पर रुके शरणार्थियों ने फिर से सीमा पार करनी शुरू की। एक फोटो पत्रकार ने भी सीमा पार करने के एक स्थान के निकट हजारों लोगों को आगे बढ़ते हुए देखा। इनमें से कुछ ने कहा उन्हें बांग्लादेशी सीमा गार्ड ने रोक लिया और धान के दलदली खेतों में रात गुजारनी पड़ी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के प्रवक्ता एंड्रेज महेकिक ने जिनेवा में कहा कि शनिवार रात से एक अनुमान के मुताबिक 10 से 15 हजार रोहिंग्या पलायन कर चुके हैं।

## पाक पर नजर रखने में अमेरिका की मदद कर सकता है भारत: हेली

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत निक्की हेली ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को समर्थन दिए जाने पर कड़ा रूख अपनाया है, इसलिए पाकिस्तान पर नजर रखने में भारत उनकी मदद कर सकता है। अफगानिस्तान और दक्षिण एशिया में आतंकवाद से लड़ने के लिए ट्रंप द्वारा हाल ही में घोषित की गई नई रणनीति का जिक्र करते हुए हेली ने कहा कि इस रणनीति की अहम बातों में से एक भारत के साथ अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी को विकसित करना भी है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान और दक्षिण एशिया में अमेरिका के हित आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाहों को खत्म करने में हैं। साथ ही परमाणु हथियारों को आतंकवादियों की पहुंच से दूर रखना है, इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हम अपने राष्ट्रीय, ऊर्जा, अर्थव्यवस्था, कूटनीतिक और सेना के सभी तत्वों का इस्तेमाल करेंगे। अमेरिका भारत मैत्री परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हेली ने कहा कि ट्रंप ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को समर्थन देने को लेकर कड़ा रूख अपनाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, अफगानिस्तान में खासतौर से आर्थिक और विकास के क्षेत्र में मदद के लिए भारत की ओर देख रहा है।

## अमेरिकी लेखक जॉर्ज सॉन्डर्स ने जीता 2017 का मैन बुकर पुरस्कार

**लंदन (ईएमएस)।** अमेरिकी लेखक जॉर्ज सॉन्डर्स ने अपने उपन्यास 'लिंकन इन द बार्दो' के लिए ब्रिटेन का प्रख्यात मैन बुकर पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार जीतने वाले वह दूसरे अमेरिकी लेखक बन गए हैं। अंग्रेजी भाषा के प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार के लिए जजों ने इस किताब की प्रशंसा बिल्कुल मूल कृति के रूप में की। इस किताब में अब्राहम लिंकन के 11 साल के बेटे विली की मौत की कहानी है। निर्णायक पैनल की अध्यक्ष लोला यंग ने लंदन में एक समारोह में पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा कि उपन्यास की शैली परिहास युक्त है और वह बुद्धिमानी और गहराई से आगे बढ़ते हुए वर्णनात्मक रूप से कहानी का खुलासा करता है। 58 वर्षीय सॉन्डर्स ने इस पुरस्कार को बड़ा सम्मान बताते हुए कहा कि मैं अपने बचे हुए काम को आने वाले समय में स्तरीय ही रखूंगा।

# सीएम योगी ने कहा, मेरी आस्था पर विपक्ष कैसे उठा सकता है उंगली



अयोध्या। उत्तर पदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छोटी दिवाली के कार्यक्रमों को संतों का आयोजन बताते हुए कहा कि उनकी आस्था पर विपक्ष कैसे उंगली उठा सकता है। योगी ने हनुमानगढ़ी और सुग्रीव किला के दर्शन करने के बाद कहा कि बुधवार को आयोजित कार्यक्रमों का आयोजन संतों ने किया था। वह तो अपनी व्यक्तिगत आस्था के आधार पर उसमें शामिल हुए थे। विपक्ष या कोई अन्य उनकी आस्था पर सवाल कैसे उठा सकता है। योगी अब अयोध्या से गोरखपुर जाएंगे। वह गोरखपुर और महराजगंज में आदिवासियों के साथ दीपावली मनाएंगे।

सुग्रीव किले में हनुमान जी के दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि अयोध्या की अन्तरार्ष ?ट्रीय स्तर पर छवि और बेहतर बनानी है। पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना है। रामजन्मभूमि आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधायें मिलनी ही चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग आज के आयोजनों पर अनावश्यक उंगली उठा रहे हैं। आयोजन संतों का था। संतों का सम्मान होना चाहिए और धार्मिक कार्यों में आस्था रखने वाले लोगों को उसमें शामिल होना चाहिए। अनावश्यक बयानबाजी से बचना चाहिए।

योगी ने रात्रि विश्राम यहीं किया था। सुबह ही वह हनुमानगढ़ी और सु ?ग्रीव किला पहुंच गए थे। इससे पहले बुधवार को दीपोत्सव का ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ। राम का राज्याभिषेक हुआ और हेलीकाप्टर को पुष्पक विमान बनाकर राम लक्ष्मण और सीता के रुप में सजे आकर्षक बालकों को फैजाबाद हवाई पट्टी से सरयू तट पर स्थित रामकथा पार्क लाकर त्रेता युग की याद ताजा करने की कोशिश की गई। मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में भगवान राम अनुज लक्ष्मण और सीताजी के साथ श्रीलंका से पुष्पक विमान के जरिए अयोध्या आए थे।

## 10वीं पास पर आया बीए पास लड़की का दिल, ऐसे अंजाम तक पहुंची थी शादी

कानपुर. मामला 3 जुलाई 2017 का है। कानपुर के बेनाझाबर चौकी में एक प्रेमी युगल की शादी होती है। दोनों अलग-अलग जाति के थे, इसलिए परिजनों को इस शादी से आपत्त ?ि थी। दोनों के बालिग होने की वजह से पुलिस को प्यार के आगे झुकना पड़ा। पति संजय ने कहा, ''शादी के बाद ये पहली दीपावली है। जिसको बड़े धूमधड़ाके के साथ मनाएंगे।''

6 साल पहले किया था प्रपोज

संजय को अपने पड़ोस में रहने वाली अंकिता से प्यार हो गया। दोनों को घर से भागना पड़ा।

सूरज ने बताया, ''6 साल पहले अंकिता को प्रपोज किया था। मैंने कहा था- मैं तुम्हें पसंद करता हूं और दोस्ती करना चाहता हूं।

''23 फरवरी को मैं अपने बर्थडे के दिन घर के बाहर खड़ा था। अचानक वो आई और बोली- मैं भी आपको पसंद करती हूं।

# यूपी का एक गांव ऐसा जहां दीवाली की जगह मनाते हैं शहीद दिवस



अमरोहा। लक्ष्मी का आगमन, श्रीराम की पूजा और न जाने कितने तौर-तरीकों से दिवाली मनाई जाएगी। हर कोई दिवाली की तैयारियों में जुटा है, हर किसी को नई

उम्मीद है। लेकिन अमरोहा में एक स्थान ऐसा भी है, जहां दिवाली शहीद दिवस के रुप में मनाई जाती है। बेटे के शहीद होने का जितना गम ओमप्रकाश यादव

को है, उतना ही दुख जीवनसाथी को खो देने का सीमा का भी है।

अमरोहा जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी. दूर गांव इशेपुर का नजारा दिवाली पर जुदा होगा। यह हाल पिछली सात दिवाली है, आठवीं दिवाली को मनाने के

लिये ओमप्रकाश यादव का परिवार अपने पीछे छूट रही अरविंद की यादों में भी खोया है। हर साल परिवार और कुनबे के लोग दिवाली पर शहीदस्थल पर पहुंचकर

दीये जलाकर अपनी दिवाली मना रहे है, जिसे देख आसपास के लोगों भी अगस्त 2010 के हादसे को नहीं भूल पाते है। देश की सेवा करने को आर्मी में भर्ती हुए अरविंद यादव की लेह लद्दाख़ में तैनाती थी। छह अगस्त 2010 को प्राकृतिक आपदा( बादल फटने) में अरविन्द यादव ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। शहीद अरविंद की पत्नी सीमा यादव के मुताबिक दस दिन की तलाशी के बाद आर्मी के जवानों ने अरविंद की डैथ बॉडी खोज निकाली थी। लेकिन शहीद की सूचना आर्मी ने भिजवा दी थी। तब से अब आठवीं दिवाली आ चुकी है, लेकिन अरविंद की कमी जीवन में हमेशा, हर स्थान पर दिखती है। परिजन दिवाली के दिन शहीदस्थल को बाकायदा सजाते हैं, इसके साथ ही उनकी आंखे नम हो जाती है।

दोनों बेटियों को अफसर बनाना था सपना

सीमा यादव के मुताबिक उनकी दो बेटियां है, जिन्हें वह अमरोहा शहर में रहकर पढ़ा रही है। बकौल सीमा यादव, उनके पति शहीद अरविंद का सपना था कि वह अपनी बेटियों को बड़ा अफसर बनाएंगे।

# मंदिर में दिया जलाने गए किशोर को गांव के ही लोगों ने जिंदा



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है जहां मंदिर में दीपक जलाने गए किशोर को गांव के ही कुछ लोगों ने जिंदा जला दिया। घटना संभल जनपद के गुन्नौर की है। खबर के मुताबिक पीड़ित किशोर गांव के ही एक मंदिर में दीपक जलाने गया था। जहां गांव के ही कुछ लोगों ने घेर कर जिंदा जला दिया। जैसे ही घटना की जानकारी लोगों को हुई, आनन-फानन में लोग किशोर को उठा कर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल जाते समय किशोर की मौत हो गई। जिन लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर लिखवाई गई है उन पर ही दस दिन पहले इसी किशोर को अगवा कर ले जाने का आरोप भी लगा था। उस समय किशोर वापस आ गया था और किसी भी तरह की कानूनी कार्रवायी नहीं की गई थी। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है और आरोपियों को जल्द ही कानून के दायरे में लाया जाएगा।

## एक साथ जले 25 हजार दीप, जगमगा उठा काशी का ये स्टेडियम

वाराणसी. धार्मिक नगरी काशी में बुधवार शाम को खिलाड़ियों ने सम्पूर्णानंद स्टेडियम में 25 हजार दीपों को एक साथ जलाकर दिवाली मनाई। शाम होते ही पूरा स्टेडियम दीपक की रोशनी से जगमगा उठा। सभी खिलाड़ियों ने अपने-अपने गेम्स के साथ दिवाली मनाई और एक-दूसरे को बधाइयां दी।

25 साल से है परम्परा

इंटरनेशनल खिलाड़ी नीलू मिश्रा ने बताया, दिवाली से ठीक एक दिन पहले काशी के सैकड़ों खिलाड़ी इकठ्ठा होकर एक साथ दीपोत्सव मनाते हैं।

# वनटांगियों के गांव में 99 सालों बाद आई ये दिवाली

अजय कुमार सिंह, गोरखपुर।

गोरखपुर के पांच और महराजगंज के 23 वनटांगियां गांवों में रहने वाले 4573 वनटांगियों को इस दिवाली का इंतजार 99 साल से था। अंग्रेजों के जमाने में इनके पूर्वजों ने बेतहाशा जुल्म सहे। साखू के घने जंगल लगाये। बदले में इन्हें ऐसा वनवास मिला जो आजाद भारत में भी जारी रहा। 19 अक्टूबर को सीएम के रूप में उनके बीच आ रहे योगी आदित्यनाथ उनके गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा देकर यह वनवास खत्म करेंगे। वह वनग्राम तिनकोनिया में आयेंगे जहां पिछले दो हफ्तों से सफाई का काम चल रहा है। सुबह से शाम तक वनटांगियों के दस्ते उस कच्चे रास्ते के गड्ढों को भरने के साथ जंगल के बीचोंबीच गांव के पास की खाली जगह को साफ करने में जुटे रहते हैं। दिन में कई बार सरकारी अधिकारियों का आना-जाना भी लगा रहता है।

सांसद के रूप में दिवाली पर यहां आते रहे योगी आदित्यनाथ वनटांगियों के बच्चों के लिए ड्रेस, कॉपी-किताब, खिलौने और ऐसे कई तोहफे लाते थे। लेकिन इस बार वह जो तोहफा इन्हें देने जा रहे हैं वो अब तक मिले तोहफों में सबसे खास होगा। राजस्व ग्राम का दर्जा पाने के लिए वनटांगियों ने बहुत कुछ झेला है। लाठियां-गोलियां खाते हुए लम्बा संघर्ष किया है। इसी संघर्ष से कन्हई प्रसाद जैसे टांगिया कवि भी निकले जिन्होंने 'टांगिया मजूर के बूझे न कोई मनई में...।' कविता लिखी। दो दशक पहले लिखी इस छोटी सी कविता में टांगिया मजदूरों का 99 साल का दर्द समाया हुआ है। इस दिवाली 99 साल के उस दर्द से इस समुदाय की मुक्ति और कन्हई प्रसाद के शब्दों में उन्हें 'मनई' (मनुष्य) माने जाने की शुरुआत होगी।

सोमवार को तिनकोनिया में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए पांडाल लगाने का काम चल रहा था। वहां मौजूद अमित, अमन, ममता, राकेश और ढेर सारे बच्चे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर उत्साहित नज़र आये। आठ साल की ममता ने कहा, 'वह हमारे लिये टाफियां जरूर लाते हैं। उनके 75 साल के हो चले वनटांगियों के मुखिया (निर्वाचित नहीं) चन्द्रजीत कहते हैं, 'अंग्रेजों ने हम पर बहुत जुल्म ढाये हैं। इतने सालों बाद राजस्व ग्राम का दर्जा हमारे लिये अपनी आजादी की तरह है।' 90 वर्षीय राजाराम ने गाकर सुनाया, 'वन अधिकारिवा हो बहुत सतावे...।' यहां गोरक्षपीठ का एक विद्यालय वर्षों से टिनशेड में चलता है। सोमवार को उस विद्यालय की पक्की दीवार बनने के करीब थी।

बुजुर्ग रमाशंकर ने बताया कि कई दिनों से गांव का बच्चा-बच्चा तैयारी में जुटा है।

# बिहार

# नीतीश ने कहा- मांझी के साथ मिलकर करेंगे विकास, सीएम रहते उन्होंने अच्छा काम किया




गया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को पूर्व सीएम जीतनराम मांझी के पैतृक गांव महकार पहुंचे। नीतीश ने मांझी और इलाके के लोगों को गदगद कर दिया। मांझी ने जो कुछ मांगा, नीतीश ने उसे देने की घोषणा कर दी। नीतीश ने मांझी की ओर से इशारा करते हुए कहा कि हम सब मिलकर न सिर्फ विकास की नई गाथा लिखेंगे, बल्कि बिहार में बापू के सपनों को साकार करेंगे। मांझी के सीएम रहते किए गए विकास को सराहते हुए नीतीश ने कहा कि मांझी जी ने इलाके से जो भी वादा किया था, उसे हम पूरा करेंगे। नीतीश, महकार में 15 करोड़ 54 लाख 37 हजार रुपए की 5 योजनाओं का लोकार्पण करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मांझी के प्रति हमारे मन मे स्नेह और सम्मान का भाव सदैव रहा है। सड़कों को दुरुस्त करने के मांझी के आग्रह पर सीएम ने कहा कि सड़कों का काम तेजी से चल रहा है। मांझी ने गांव में पावर सब स्टेशन की मांग की। सीएम बोले-इसके लिए ऊर्जा विभाग को निर्देश दिया जाएगा।

महकार को मिलेगा प्रखंड का दर्जा

मुख्यमंत्री ने कहा-महकार को शीघ्र ही प्रखंड का दर्जा दिया जाएगा। महकार को बुद्ध सर्किट से जोड़ने और राजगीर-बोधगया-वाराणसी-पटना से कनेक्टिविटी आसान करने पर भी सीएम ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभा मंच पर मांझी जी ने मेरे कान में जो कुछ भी कहा, उसे मैं पूरा करने की घोषणा कर रहा हूं।

इन पांच योजनाओं का सीएम ने किया लोकार्पण

1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान 08 करोड़ 37 लाख
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 05 करोड़ 77 लाख
3. पशु चिकित्सालय 56 लाख 54 हजार
4. सामुदायिक भवन 32 लाख 71 हजार
5. तालाब, सीढ़ी तथा घाट निर्माण 51 लाख 12 हजार

खिजरसराय स्थानीय लोगों को विश्वास था कि मांझी मंच से ही गेहलोर की तरह महकार को भी प्रखंड मुख्यालय बनाने की मांग सीएम से करेंगे।

## लक्ष्मी-गणेश की पुरानी मूर्तियों को लेकर तालाब में विसर्जन को गए थे बच्चे, डूबे

पटना। तालाब में डूबने से जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव के तीन भाई-बहन की मौत हो गई। जबकि पानी में डूब रहे एक बच्चे को खेत में काम कर रहे किसानों ने बचा लिया। मृतकों में दिव्यांग कमलेश पंडित के आठ वर्षीय बेटा ओम प्रकाश व 12 वर्षीया बेटी ज्योति कुमारी तथा कमलेश के भाई रामएकबाल पंडित का आठ वर्षीय बेटा सूरज कुमार शामिल है। यह घटना बुधवार की सुबह करीब आठ बजे हुई। पुलिस तीनों बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लेकर गई है। पानी में डूबने से बचाए गए कमलेश के 10 वर्षीय भगीना सुधीर कुमार को इलाज के लिए इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह खराटी के योगेन्द्र पंडित का बेटा है।

सदर अस्पताल में मिले रामएकबाल पंडित ने बताया सूरज, ज्योति, ओम प्रकाश व सुधीर बिना किसी को बताए घर से गणेश-लक्ष्मी की पुरानी मूर्तियों को लेकर तालाब में विसर्जित करने चले गए थे। इसी दौरान वे तालाब में प्रवेश कर गए। गहरे पानी में चले जाने के कारण अपने को डूबते देख बच्चों ने शोर मचाया। उनकी आवाज को सुन आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान तालाब की ओर दौड़े। पानी से चारों बच्चों को निकाला गया। लेकिन, इनमें तीन की मौत हो गई और सुधीर बच गया, जिसका इलाज चल रहा है।

रामएकबाल ने बताया कि कमलेश के दो ही बच्चे थे, जिनकी मौत डूबने से हो गई। कमलेश की पत्नी बंध्याकरण करा चुकी है। अब उसे औलाद होने की उम्मीद नहीं है। घटना की सूचना जैसे ही गांव में पहुंची परिजन व ग्रामीण तालाब की ओर दौड़े। तीनों बच्चों को मृत देख परिवार की महिलाएं व पुरुष दहाड़ मार रोने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें पकड़कर किनारे किया और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल चली गई।

# दीपावली पर इस बार बच्चे फोड़ेंग पीएम मोदी और सीएम योगी बम

गोपालगंज.इस बार दिवाली के पटाखे भी मोदी और जोगी की जोड़ी बन कर गरजेंगे। जी हां, इस बार मार्केट में आया है मोदी बम और जोगी बम । यह सियासत की आवाज नहीं होगी , बल्कि बच्चों की पटाखों की गरज होगी। पटाखा बनाने वाली कंपनियां मार्केटिंग के लिए दिग्गजों के नाम की आइटम बम मार्केट में इस बार उतारी हैं। सियासी राजनीति में मोदी जहां देश और विदेश में भारत की धाक बढ़ाने में कामयाब हुए हैं वहीं योगी आदित्यानाथ की लोकप्रियता को पटाखें बनाने वाली वाली कंपनिया इस्तेमाल करने में पीछे नहीं हैं। पटाखा बाजार मेंइसबार मोदी और योगी लोगों की जुबान पर हैं। बच्चों और युवक इस बम की ज्यादा डिमांड कर रहे हैं।मार्केट में मोदी बम, योगी बम, करिश्मा बम , मुर्गा छाप , नागीन छाप आदी नामों से पटाखे छाए हुए हैं। मौनिया चौक के पटाखा दुकानदार पवन कुमार ने बताया कि मोदी और योगी बम बच्चों की पहली पसंद बनी है। स्थित यह है कि यह बम फिर से मंगवाना पड़ा है।दीपावली में पटाखे छोड़ने की परंपरा काफी पुरानी रही है। दीपावली खुशियों का त्यौहार है। हमारी परंपरा में खुशियों का इजहार करने के अंदाज में आतिशबाजी भी रहा है। प्रशासन द्वारा गैर लाइसेंसी पटाखे की दुकानों पर सुरक्षा के ख्याल से बैन लगा दिया गया है।

पटाखे छोड़ने में बरतें सावधानी

दीपावली खुशियों का त्योहार है। आतिशबाजी का भी दिवाली में महत्व है। आतिशबाजी करते समय सावधानी जरूर बरतें। आपकी थोड़ी सी असावधानी खुशियों को गम में बदल सकती है। ऐसे में पटाखें छोड़ते समय सतर्क रहें। उंची आवाज के पटाखे फोड़ने से बचें। इससे बच्चों के कान की झिल्ली फट सकती है। आपके घर में या पड़ोस में अगर कोई हार्ट का मरीज है तो ऐसी स्थिति में ऊंची आवाज की पटाखे बिल्कुल नहीं छोड़ें। अधिक धुंआ देने वाली पटाखे से प्रदूषण की भी स्थिति बन जाती है । यह दमा व टीवी के मरीज के लिए घातक है। आतिशबाजी करते समय बच्चों पर नजर बनाए रखें। बच्चों को आइटम बम जैसे बड़े पटाखे फोड़ने को नहीं दें। पटाखा फोड़ते समय पटाखों से दूरी बनाए रखें। माचिस की जगह अगरबत्ती का प्रयोग करें।

नगर के सुनील कुमार ने बताया कि वो इस बार इसलिए मोदी बम को ले रहे हैं क्योंकि उनके दोस्तों ने बताया कि यह बम काफी ज्यादा आवाज कर रहा है।

वहीं जंगलिया मोड़ के सोहन ने बताया कि जोगी बम को लेकर इस बार बाजार में काफी चर्चा है। बाजार में हर दुकान पर मोदी बम जोगी बम को बेचा जा रहा है।

# हथियारबंद बदमाशों ने महादलित परिवारों के 72 घरों में लगाई आग, दहशत का माहौल



भागलपुर। मोरकाही थाना क्षेत्र के छमसिया दियारा गांव में बुधवार की देर रात हथियारबंद बदमाशों ने 6 से 7 दर्जन महादलित परिवार के घरों में आग लगा दी। अपराधियों ने आग लगाने से पहले दर्जनों चक्र गोलियां चलाकर दहशत फैलाई। हवाई फायरिंग होते ही घर की महिलाएं व बच्चे भागने लगे। इसके बाद अपराधियों ने घरों को आग के हवाले कर दिया। रात भर टोले में अफरातफरी की स्थिति रही। घटना का कारण वर्चस्व की लड़ाई बताई गयी।

इधर घटना की सूचना मिलते ही एसपी मीनू कुमारी ने सदर एसडीपीओ रामानंद सागर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस को घटना स्थल की ओर रवाना की। अपराधियों के धरपकड़ के लिए छपेमारी जारी है।

पीड़ित कुसुमलाल सदा ने बताया कि अपराधियो ने पहले ही उनलोगों को धमकी दी थी कि वे लोग उनलोगों के घरों में आग लगाएंगे। सचमुच अपराधियो ने घटना को अंजाम दे दिया। आगजनी में महादलितों के घरों में रखे कपड़ा, बर्तन, अनाज, नगदी, जेबरात सहित अन्य सामान राख हो गए।इस घटना में दर्जनों मवेशियों की भी झुलसकर मरने की आशंका है। इधर पीड़ित परिवारों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना स्थल खगड़िया सहरसा के सीमा क्षेत्र है।

मुन्ना यादव का है भय: छमसिया दियारा में महादलितों ने बताया कि उन्हें मुन्ना यादव का खौफ है। पूर्व में भी महादलित और मुन्ना यादव के बीच झड़प हो चुकी है।इधर एसपी मीनू कुमारी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छपेमारी की जा रही है।

# हरिन्द्र सिंह बोल रहे हैं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आपसे बात करेंगे, ऐसा सुन रह गए अवाक





आरा। दहेज के खिलाफ मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किये अभियान से प्रेरित होकर स्थानीय रिटायर्ड हेडमास्टर ने दहेज लौटाया तो सीएम खासा प्रभावित हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रिटायर्ड हेडमास्टर के इस कदम की न केवल सराहना की, बल्कि बुधवार को उन्होंने खुद फोन कर उनसे बात भी की। भोजपुर के जगदीशपुर प्रखंड के कौरा स्थित आदर्श मिडिल स्कूल के रिटायर्ड स्कूल हेडमास्टर व आरा के एकता नगर निवासी हरिन्द्र सिंह को जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को फोन किया तो कुछ क्षणों के लिए वे अवाक रह गये।

शुरू में किसी ने फोन कर कहा कि मुख्यमंत्री बात करेंगे तो उन्हें सहसा विश्वास ही नहीं हुआ। लेकिन मुख्यमंत्री ने सचमुच औपचारिक अभिवादन के बाद उनके निर्णय पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने सिंह को छठ पूजा के बाद पटना आकर मिलने का आमंत्रण भी दिया। भोजपुर डीएम संजीव कुमार और मेयर प्रियम ने भी फोन कर रिटायर्ड हेडमास्टर को बधाई दी और उनके कदम को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। भोजपुर एसपी अवकाश कुमार ने भी सिंह को फोन कर उनके निर्णय को साहसी कार्य बताया।

स्थानीय राजद नेता मनोज कुमार सिंह ने सिंह को फोन कर उन्हें सम्मानित करने की बात कही।

## भागलपुर में मां काली की प्रतिमा मंदिरों और पूजा पंडालों में स्थापित

भागलपुर। निशा पूजा और प्राण प्रतिष्ठा के साथ बुधवार देर रात मां काली की प्रतिमा मंदिरों और पूजा पंडालों स्थापित हुईं। जय काली.., बम-बम काली.., जय काली मां.. के नारों और भक्तिगीत गूंजने लगे हैं। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर मां का आशीष पाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है।



शंख, घंटियों और भक्ति गीतों पर मंदिरों में भक्त झूम रहे हैं। पूरे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया है। सबौर से नाथनगर तक 150 से ज यादा मंदिरों और पूजा पंडालों में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई हैं। मां काली को प्रसाद के रूप में बताशा, रसगुल्ला, बालूशाही, नारियल आदि का चढ़ावा चढ़ाने के लिए मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। मंदिरों व पंडालों के बाहर मेले में मिठाई, फास्ट फूड आदि की दुकानें सज गई हैं। मंदिरों व आस-पास के मार्गों में बिजली के रंगीन बल्बों, झालरों की सजावट देखते ही बनती है। रंग बिरंगी रोशनी से पूरा शहर जगमगा रहा है।

# सूरत समाचार

क्रांति समय



क्रांति समय संवददाता, सूरत। उधना हरिनगर में सरेआम उड रही प्रशासन की खील्ली। बीच बाजार धड़ल्ले से बेचे जा रहे फटाकड़े। चित्र में उधना हरिनगर में सडक किनारे लगी फटाकड़े की दुकान तथा दुकानों से फटाकड़े खरीदते नगर वासी।

## युवक के अपहरण मामले में वराछा पुलिस ने दो को किया गिरफफ्तार

सूरत। वराछा के हीराबाग स्थित आदर्श नगर सोसायटी निवासी युवक को दो सुधखोरो सहित तीन लोगों द्वारा बाइक पर अपहरण कर पिटाई करने के मामले में वराछा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वराछा के हिराबाग स्थित आदर्श नगर सोसायटी निवासी हर्षद कांतिभाई अमरेलिया 30 साड़ियों पर टिक्की चिपकाने की मजदूरी करता है । पैसों की जरूरत होने पर हर्षद ने कुछ समय पहले कामरेज तहसील के पटेलनगर निवासी दिनेश उर्फ विठ्ठल वल्लभभाई भट्टी,भाई लालजी उर्फ लालो वल्लभभाई भट्टी तथा भूपत रबारी सहित तीन लोगों के पास चार टका तथा तीस टके व्याज से 52 लाख रुपए दीये थे । पीड़ित पैसो का भुगतान कर रहे थे उसके बाद भी तीनो सुधखोरो ने अधिक पैसो की मांग कर परेशान कर रहे थे । उसके बादसे 17 अक्टूबर के रोज तीनो सुधखोरो ने हर्षद का अपहरण कर कामरेज ले जाकर उसकी लात धुसे से पिटाई कर जान से खत्म करने की धमकी देकर छोड़ दिया। हादसे के चलते हर्षद के भाई धर्मेश की शिकायत पर वराछा पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तीनों सुधखोरो में से दोनो भाई दिनेश उर्फ विठ्ठल तथा लालजी उर्फ लालो को गिरफफ्तार किया है पैसों की जरूरत होने पर हर्षद ने कुछ समय पहले कामरेज तहसील के पटेलनगर निवासी दिनेश उर्फ विठ्ठल वल्लभभाई भट्टी,भाई लालजी उर्फ लालो वल्लभभाई भट्टी तथा भूपत रबारी सहित तीन लोगों के पास चार टका तथा तीस टके व्याज से 52 लाख रुपए दीये थे ।

## अडाजन पुलिस ने 33 हजार की शराब के साथ एक को दबोचा

सूरत। शहर की अडाजन पुलिस को सूचना मिलने पर थाना क्षेत्र के अंकुर सोसायटी के एक मकान में छापा मारकर धर के बेडरूम से 33 हजार की विदेशी शराब के साथ एक जने को गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार स्टाफ के पुलिसकर्मियों को सूचना मिली थी कि अडाजन के अंकुर सोसायटी के घर नंबर 18 में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है सूचना के चलते पुलिस ने मौके पर छापा मारकर अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं मकान मालिक अमित देवचंद भाई कहार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके पर से 35,000 की शराब की बोतल सहित का मुद्दा माल जप्त किया है ।



सूरत। दिवाली के अवसर पर शहर के वेड रोड़ स्थित स्वामी नारयण मंदिर गुरुकुल में बही खातों का सामुहिक पुजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी नारायण संप्रदाय से जुड़े व्यवसायियों ने विधि पुर्वक नए खातों का पुजन करवाया ।

## कतारगाव के व्यापारी के साथ 57.5 लाख की धोखाधड़ी

सूरत। सौराष्ट्र व अहमदाबाद के भगोने कतारगाम के व्यापारी को 57 लाख 5 हजार का चूना लगाया होने का मामला सामने आया है चौक बाजार पुलिस के अनुसार कतार गांव के अंबिका रेसीडेंसी निवासी विशाल रसिक भाई काकरिया 35 एंब्रॉयडरी जॉब वर्क का कार्य करते हैं थोड़े समय पहले अहमदाबाद के किरीट श्री हरि भाई मोरी सौराष्ट्र के बोटाद जिले के निवासी अरविंद करसन भाई प्रजापति दशरथ धीरुभाई पडियार तथा भरत पगी सहित चारों ठगों ने विशाल भाई सहित अन्य व्यापारियों के साथ सूरत में आकर मुलाकात की थी और और साड़ियों तथा चनिया चोली पर भावनगर बोटाद राजकोट तथा धंधुका शहीद के शहरों में जौनपुर करवा कर देने का झांसा देकर तीनों ठाकुर विशाल भाई सहित अन्य व्यापारियों के पास उधर ही में 57 लाख 5000 का कपड़ा ले गए थे तीनों ने समय पर कपड़ों पर एंब्रॉयडरी जॉब वर्क नहीं करवा कर कपड़ा हजम कर लिया ।

## उमरा में शांति भंग का मामला दर्ज

सूरत। डुमस पिपलोद रोड के राहुलराज मोल में पांच दिन पूर्व हिन्दू संगठनो के कार्यकरो द्वारा रानी पदमावती फ़िल्म के आधरित रंगोली का विरोध कर नारेबाजी करने के मामले में उमरा पुलिस ने 12 से 15 जने के खिलाफ शांती भंग का मामला दर्ज कर जांच शरू की है ।

उमरा पुलिस के अनुसार उमरागाव के श्रमजीवी सोसायटी निवासी अश्विन विनोदभाई पांडे 24 डुमस पिपलोद रोड स्थित राहुलराज मोल में नोकरी करते है आगामी दिनों में भारत भर के सिनेमा धरो में रिलीज होने वाली हिन्दी फ़िल्म राणी पदमावती की रंगोली वाला चित्र राहुलराज मोल के ग्राउन्ड फ्लोर में बनाया गया था । इस रंगीली का हिन्दू संगठनों ने विरोध जताया है । इसी बीच 15 अक्टूबर की रात शैलेन्द्र सिंह राजपूत तथा शंभु सिंह सहित 12 से 15 जने राहुलराज मोल आये थे । ओर मोल में उपस्थित अश्विन भाई को बताया के हम राजपूत समाज के आदमी है तुमने राणी पदमावती की रंगोली क्यो बनाई है ।यह बताकर विरोध जताकर नारेबाजी कर बनाये गई रंगोली को नष्ट किया । इस मामले के चलते मोल के कर्मचारी अश्विन भाई की शिकायत पर उमरा पुलिस 12 से 15 जने के खिलाफ शांती भंग का मामला दर्ज कर अग्रिम जांच शुरू की है।

## वराछा में 1.35 लाख की चोरी

सूरत। वराछा के हिराबाग सर्कल स्थित श्री रामनगर सोसायटी की एक तम्बांकू के गोदाम में अनजान चोर उचकको ने अंदर प्रवेश कर नगद,तम्बाकू सहित 1 लाख 35 हजार की चोरी कर फरार हो गए वराछा पुलिस के कतार गांव के सिंगनपोर चार रास्ता स्थित राधेश्याम सोसाइटी निवासी किशन मेधजी भाई बगड़िया (36 वर्ष) व्यापारी है वराछा के हिराबाग सर्कल श्री राम नगर सोसाइटी मैं किशनभाई मारुति एंटरप्राइज के नाम से पेढ़ी चलाते हैं रात्रि दौरान अज्ञात चोर उच्चकों ने किशन भाई की बेटी को निशाना बनाया था और पेढ़ी के पिछले हिस्से की खिड़की के जरिये अंदर प्रवेश किया।

## टेंम्पो चालक ने ट्रांसपोर्टर की मदद से व्यापारी को लगाया 24.93 लाख का चूना

सूरत। पुनागांव के मातृशक्ति सोसायटी की एक फैक्ट्री के मालिक को टैम्पो चालक ने ट्रांसपोर्टर की मदद से 24 लाख 93 हजार का चूना लगाया होने का मामला सामने आया है ।

पुनागांव पुलिस के अनुसार नानावराछा के चिकुवाड़ी स्थित स्वाति सोसायटी निवासी धनश्याम भाई जगदीश भाई जलोदरा (31 वर्ष) व्यापारी है । पुनागांव की मातृशक्ति सोसायटी में धनश्याम भाई साड़ियों तथा स्टोन मटीरियल का कारोबार करते है । उनका कारोबार अधिक सौराष्ट्र के बोटाद में चलता है । सौराष्ट्र के बोटाद जिले का निवासी भरत जीतू भाई पगी नामक टेंम्पो चालक के साथ पीड़ित ने 24 लाख 93 हजार की साड़िया तथा स्टोन मटीरियल सहित कई चीजों की डिलीवरी करने भेजा था । चालक ने किरीट हरिभाई मोरी, अरविंद करसन भाई प्रजापति, तथा दशरथ धीरूभाई पढियार की मदद से लाखों का माल डिलिवरी करने के बाजए लेकर फरार हो गए । हादसे के चलते पीड़ित की शिकायत पर पुनागांव पुलिस ने चारों ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर अग्रिम जांच शरू की है ।

## उमरा में 1.35 लाख की चोरी

सूरत। धोडदौड के रामचोक स्थित पंचवटी एपरमेन्ट के एक फ्लैट में नोकरी करने वाली युवती मौका मिलने पर सोने चांदी के आभूषण सहित 1 लाख 35 हजार की चोरी कर फरार हो गए । उमरा पुलिस के अनुसार धोददौड रोड के रामचोक स्थित पंचवटी एपरमेन्ट निवासी भरत भाई बद्रीप्रसाद अग्रवाल 62 व्यापारी है । भरत भाई के धर में कई दिनों से दीपाली नामक लड़की नोकरी करती था 17 अक्टूबर की दोपहर दीपाली नोकरी पर आई थीं और मौका मिलने पर बेडरूम में रख्खा कबाट खोलकर अंदर से सोने चांदी के आभूषण सहित 1 लाख 35 हजार की चोरी कर फरार हो गए । हादसे के चलते व्यापारी की पत्नी तमन्ना बहन की शिकायत पर चोकबाजार पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर अग्रिम जांच शरू की है । उमरा पुलिस के अनुसार धोददौड रोड के रामचोक स्थित पंचवटी एपरमेन्ट निवासी भरत भाई बद्रीप्रसाद अग्रवाल 62 व्यापारी है ।




























स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा 4 ओ-ब्लाक आगम नवकार कॉम्पलेक्ष सचीन रेल्वे स्टेश के पास,सूरत, जि. सूरत, गुजरात से प्रकाशित, एवं ताप्तीलोक पब्लिकेशन 152,153 श्री राम इंडस्ट्रीयल एरिया पांडेसरा सूरत 394210 से मुद्रत, फोन नं. 9879141480 संपादक सुरेश मौर्या ( पी आर बी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) **E-mail: krantisamay@gmail.com**